आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

विधानसभा

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे मॉनसून सत्र का आज दसवां दिन है। सदन में प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे।

मौसम

प्रदेश में वर्षा का दौर जारी है। शिमला, कुल्लू, मंडी, सोलन चंबा, किन्नौर सहित प्रदेश के अनेक भागों में बीती रात से रूक–रूक कर हल्की वर्षा हो रही है। इस बीच मौसम विभाग ने आज राज्य के सात जिलों ऊना, बिलासपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिला के कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। बारिश से चंबा जिले में जन–जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। खराब मौसम के मद्देनजर आज चंबा उपमंडल के सभी शैक्षणिक संस्थानों में अवकाश घोषित किया गया है। हमारे चंबा जिला संवाददाता ने बताया कि चंबा भरमौर एनएच सहित जिले के सैंकड़ों मार्ग यातायात के लिए अवरूद्ध है।

मणिमहेश यात्रा के ट्रैक पर विभिन्न स्थानों पर 12 हजार के करीब श्रद्धालु फंसे है जिन्हें निकालने के प्रयास युद्ध स्तर पर जारी है। इस बीच चंबा जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा है कि सभी यात्री सुरक्षित है और घबराने की जरूरत नहीं है।

राष्ट्रीय खेल दिवस

देशभर में आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर वर्ष 29 अगस्त को हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस का विषय है–शांतिपूर्ण और समावेशी समाज को प्रोत्साहन देने के लिए खेल।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। एक्स पर पोस्ट किए गए एक संदेश में प्रधानमंत्री ने देश के उभरते खेल परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए, खेल और फिटनेस की संस्कृति को बढ़ावा देने, एथलीटों के लिए संस्थागत समर्थन को मज़बूत करने और देश भर में आधुनिक प्रशिक्षण वं प्रतियोगिता स्थलों तक पहुँच बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है।